## सार-समाचार

### सुसवाणी माताजी धाम में ध्वजारोहण

**जोधपुर, (कासं)।** श्री सुसवाणी माताजी ट्रस्ट मंडोर रोड सुराणा, दुग्गड व सांखला भाईपा की कुलदेवी श्री सुसवाणी माताजी के निज मंदिर में 508 वर्षों के बाद ऐतिहासिक नूतन ध्वजारोहण का पावन आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्तजन मौजूद थे। भाईपा के मीडिया प्रभारी प्रवीण सुराणा ने बताया कि निज मंदिर में पावन ध्वजा चढ़ाने का पुण्य लाभ सुमेरराज सुराणा व सुरेशराज सुराणा परिवार (जोधपुर-दिल्ली) ने लिया। इस अवसर पर जसकंवर, संदीप, जितेन्द्र, पारुल, नेहा, प्रणय, अनंत सुराणा और समस्त सुराणा, दुग्गड़ व सांखला परिवार के देश भर के विभिन्न राज्यों, शहरों व गांवों से आए सैंकड़ों भक्तजन ध्वजारोहण के साक्षी बने व पूरे भक्ति भाव से सभी ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर मोरखाणा में भव्य रथ यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में भक्तों ने ढोल-नगाड़ों, भजनों और माताजी के जयकारों से समूचे क्षेत्र को गंजायमन कर भक्तिरस से डूबो दिया। कार्यक्रम के दौरान यज्ञ, पूजन व हवन पुजारी बाबूलाल, मालाराम, हनुमान व अन्य वरिष्ठ पुजारीगण द्वारा विधिपूर्वक सम्पन्न करवाया गया। सभी कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण किया गया जिसका विश्व भर के भाईपा बंधुओं ने दर्शन वंदन कर अपने आपको धन्य महसूस किया। आध्यात्मिक श्रद्धा का प्रतीक ध्वजारोहण कार्यक्रम पारिवारिक परंपरा और माताजी के प्रति अगाध भक्ति की मिसाल बना। यह आयोजन केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं था, बल्कि श्रद्धा, परंपरा और आस्था का ऐसा संगम था, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित होगा।

### लूणी व डांगियावास में सर्च अभियान

**जोधपुर, (कासं) ।** कमिश्नरेट के लूणी पुलिस थाना क्षेत्र में तकरीबन बीस दिन पहले बजरी माफियाओं ने मिलकर एक पुलिस कर्मी की हत्या कर दी थी। जिसके बाद से पुलिस ने लूणी क्षेत्र में आज दूसरी बार सर्च अभियान चलाया है। लूणी तहसील के 22 पंचायतों में पुलिस की तरफ से मादक पदार्थ की तस्करी, अवैध हथियार और बजरी माफियाओं की धरपकड़ की गई। दो सौ से ज्यादा पुलिस कर्मियों ने हर घर और ढाणी में पहुंच कर संदिग्ध को पकड़ा। हालांकि कितने लोगों को पकड़ा गया और क्या सामग्री जब्त की गई इसका पूरा ब्यौरा नहीं मिल पाया है। पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक श्रीवास्तव और जिला पश्चिम उपायुक्त राजर्षि राज वर्मा के सुपरविजन में एडीसीपी पूर्व वीरेंद्रसिंह, निशांत भारद्वाज और एसीपी सहित डांगियावास के साथ वृत बोरानाडा में अलसुबह मादक पदार्थ, अवैध हथियारों धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया। बजरी माफियाओं की धरपकड़ और वांटेडों की तलाश करवाई गई। लूणी की 22 पंचायतों में सुबह छेड़ गए अभियान में कई संदिग्ध लोगों को पकड़ने के साथ मादक पदार्थ भी जब्त किए गए। घरों और ढाणियों में पहुंच कर पुलिस ने मालिकों से पूछताछ की। इसी तरह डांगियावास में पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। गौरलतब है कि तकरीबन 20 दिन पहले लूणी थाना क्षेत्र में बजरी माफियाओं ने मिलकर पुलिस के एक जवान की जान ली थी। जिसके बाद पुलिस ने अब सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। सिपाही की मौत के बाद लूणी में यह सर्च अभियान दूसरी बार चलाया है।

### डॉ. अनूप कुमार ठक्कर का व्याख्यान

**जोधपुर, (कासं) ।** जोधपुर के करवड़ स्थित डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद यूनिवर्सिटी में कंटीन्यूअस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम-2025 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में शुक्रवार को स्ट्रेस मैनेजमेंट पर आईटीआरए जामनगर के पूर्व कुलपति डॉ. अनूप कुमार ठक्कर ने विशिष्ट व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते कहा कि आज के समय में स्ट्रेस एक वैश्विक समस्या बन चुकी है। इससे बचने के लिए पंचकर्म एवं आयुर्वेदिक जीवन शैली अपने जीवन में अपनाएं। उन्होंने स्ट्रेस से बचने के लिए सरल और प्रभावी तरीकों के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों से रोजाना योग, प्राणायाम, ध्यान करने और संतुलित आहार लेने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति ने कहा कि आज के समय में तनाव प्रबंधन का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। इस तरह के कार्यक्रमों से शिक्षक और विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान मिलता है बल्कि वह अपने व्यक्तिगत जीवन में भी इसका लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में आयुर्वेद अधिष्ठाता प्रोफेसर महेंद्र कुमार शर्मा , शल्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी एवं क्रिया शारीर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश चंद्र शर्मा, बालरोग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर हरीश सिंघल , अगदतंत्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रितु कपूर, बी एस सी आयुर्वेद नर्सिंग के प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार राय सहित विश्वविद्यालय के आयुर्वेद , होम्योपैथी एवं योग -नेचुरोपैथी संकाय सदस्य एवं स्नातकोत्तर छात्र उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. हेमंत राजपुरोहित ने किया।

### 40 फीट ऊंचाई से गिरा श्रमिक, मौत

**जोधपुर, (कासं) ।** शहर के एयरपोर्ट पुलिस थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन की 40 फीट ऊंचाई से एक श्रमिक कार्य करते नीचे गिर गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मौका कार्रवाई के बाद अस्पताल की मोर्चरी पर भिजवाया। परिजन को सूचना दी गई है, उनके आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। एयरपोर्ट थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि इन दिनों एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का कार्य चल रहा है। आज सुबह भवन की ऊपरी मंजिल तकरीबन 30-40 फीट की ऊं चाई पर उत्तरप्रदेश के सहारनपुर सिविल स्थित पेपर मिल मार्ग पर रहने वाला 19 वर्षीय निशांत कश्यप पुत्र संदीप कश्यप कार्य कर रहा था। तब वह अचानक से वहां नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में पुलिस को सूचना मिलने पर वहां पहुंची। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी भी वहां पहुंचे। बताया कि गया कि निशांत कश्यप लोहे के जोड़ का कार्य कर रहा था। उसके परिजन को उत्तरप्रदेश सूचना दी गई है। उनके आने पर अठिाम कार्रवाई की जाएगी। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### दूध विक्रेता ने रिश्तेदार से किया दुष्कर्म

**जोधपुर, (कासं) ।** जिला पूर्व में एक महिला ने अपने रिश्तेदार पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। साथ ही आरोप है कि रिश्तेदार उसकी नाबालिग बेटी से भी छेड़छाड़ करता था। पीड़िता ने जिला पूर्व के एक थाने में दुष्कर्म और पॉक्सो की रिपोर्ट दी है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाने के साथ बयान लिए है। अठिाम जांच की जा रही है। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता अपने एक रिश्तेदार के साथ यहां रह कर दूध बेचने के साथ खेतीबाड़ी का कार्य करती है। दोनों पास पास रहते है। पीड़िता का आरोप है कि उसका रिश्तेदार पिछले एक दो साल से दुष्कर्म करता आ रहा है। उसकी नाबालिग बेटी से भी छेड़छाड़ करता है। पुलिस निरीक्षक के अनुसार यह लोग जोधपुर के बाहर के रहने वाले है। फिलहाल केस दर्ज किया गया है। अग्रिम जांच की जा रही है।

### योग दिवस के लिए जागरूकता शिविर

**पाली, (नि.सं.)।** आयुष मन्त्रालय भारत सरकार व शक्ति युवा सघ के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित योग शिविर 21जून की पूर्व तैयारी के लिए जागरूकता शिविर लगेंगे। कार्यक्रम संयोजक तिलोक चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की भाती जागरूकता योग शिविर का पाली शहर के विभिन्न उद्यान में आयोजित किये जायेंगे। जिसमें महादेव बगीची, मानपुरा भाखरी गांधीनगर बगीचा व पुलिस लाइन नेहरू पार्क सहित में 20 जून तक शिविर लगेंगे। जिसमे 21 जून योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी को आने का निमंत्रण भी देंगे। इस अवसर पर डा शिवकुमार शर्मा योग गुरु विजयराज सोनी सहित सभी का सहयोग मिल रहा है।

### बाढ़ नियन्त्रण कक्ष 15 से

**जालोर, (कासं)।** जिले में संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए 15 जून से जल संसाधन विभाग जालोर में बाढ्र नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा। जल संसाधन खण्ड जालोर के अधिशासी अभियन्ता विजेश बालेसा ने बताया कि जिले में वर्षा के आंकड़े, नदियों के बहाव, बाधों के जल स्तर की सूचना, बाढ्र से संभावित खतरे की सूचना इत्यादि संकलित करने तथा उच्चाधिकारों को संप्रेषित करने के लिए कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड जालोर में 15 जून से बाढ्र नियन्त्रण कक्ष 30 सितम्बर, 2025 तक 24 घण्टे कार्यरत रहेगा। उन्होंने बताया कि बाढ्र नियन्त्रण कक्ष की प्रभारी अधिकारी जल संसाधन खण्ड जालोर की सहायक अभियन्ता कीर्ति सुन्देशा को नियुक्त किया गया हैं।

### बेढ़म का बाड़मेर दौरा 15 को

**बाड़मेर, (नि.सं.)।** गृह, गौपालन, मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढम रविवार को बाड़मेर जिले के दौरे पर रहेंगे। मंत्री जिला मुख्यालय पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की समीक्षा करेंगे।

# खुशबू के ससुराल में जनप्रतिनिधि व लोग सांत्वना देने पहुंचे

- अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसा : टिकट नहीं मिली इसलिए 2 दिन लेट निकली खुशब, फिर भी अनहोनी नहीं टली
- खुशबू के ससुराल वाले 30 साल से ज्यादा समय से रह रहे पाली में
- पिता ने बेटी के साथ फोटो खींची, स्टेट्स लगाया, कुछ मिनटों बाद पता लगा-प्लेन क्रैश
- जून में जन्म और जून में ही देहांत
- उदयपुर के मार्बल व्यवसायी संजीव मोदी के बेटे शुभ और बेटी शुगन का पाली में ननिहाल

**पाली, (नि.सं.)।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे में अकाल मौत का शिकार हुई 21 साल की खुशबू कंवर राजपुरोहित का ससुराल पाली में है। वह 11 जून बुधवार को अपने सास-ससुर से आशावाद लेकर पिता और जेठ के साथ अहमदाबाद एयरपोर्ट गई थी। जहां से फ्लाइट लेकर लंदन जा रही थी, लेकिन प्लेन क्रैश होने से पति से मिलने का उसका सपना अधूरा रह गया।

खुशबू कंवर के ससुराल और पीहर में मातम छाया हुआ है। सास-ससुर की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे है। कहते है कि पता होता कि हमारी बहू के साथ ऐसा हादसा हो जाएगा, तो लंदन भेजते ही नहीं। 18 जनवरी 2025 को जोधपुर जिले के खाराबेरा पुरोहितान हाल पाली निवासी 25 साल के विपुल सिंह पुत्र गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित की शादी बोलातरा के पास अराबा गांव की रहने वाली 21 साल की खुशबू कंवर राजपुरोहित के साथ सामाजिक रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी और उनके परिवार खुश थे। दो महीने बाद विपुल वापस लंदन चले गए। वे लंदन के सरकारी हॉस्पिटल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। पत्नी खुशबू से वादा कर गए कि जल्द लंदन बुला लेंगे। किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

लंदन में पति से मिलने से पहले खुशबू की प्लेन क्रैश होने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही विपुल भी लंदन से फ्लाइट पकड़कर इंडिया के लिए रवाना हो गए।

मृतका खुशबू के ससुराल वाले मूल रूप से जोधपुर जिले के खाराबेरा पुरोहितान गांव के रहने वाले है, लेकिन पिछले करीब 30 सालों से पाली शहर के जवाहर नगर मंडिया रोड क्षेत्र में रह रहे है। खुशबू के ससुर गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित पाली में कपड़ा व्यापारी है। उनके 2 बेटे और 2 बेटियां है। लंदन जाने से पहले खुशबू 11 जून को पाली अपने पिता के साथ आई थी। यहां सास-ससुर से आशीर्वाद लेकर वह अपने जेठ और पिता के साथ अहमदाबाद के लिए शाम करीब छह बजे रवाना हुई थी और 12 जून को अहमदाबाद से लंदन के लिए फ्लाइट पकड़ी थी।

हादसे के बाद गजेंन्द्रसिंह राजपुरोहित के परिवार को सांत्वना देने के लिए समाज के लोग, मोहल्लेवाले और जनप्रतिनिधि पहुंचे। पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, कांठोस नेता महावीरसिंह सुकरलाई, पूर्व पार्षद शिवराम जाट, रमेश परिहार, एडवोकेट महेंद्रसिंह राजपुरोहित, राजू तिवारी, शांतिलाल चौपड़ा सहित कई जने गजेंद्रसिंह के घर पहुंचे और सांत्वना देते नजर आए।

खुशबू का जन्म 27 जून 2002 को हुआ था। और प्लेन क्रैश हादसा भी 12 जून 2025 को हुआ है। इस हादसे ने खुशबू के पीहर पक्ष और ससुराल पक्ष के लोगों को तोड़कर रख दिया। उन्हें अभी भी यकीन नहीं हो रहा कि खुशबू अब नहीं रही। खुशबू की सास की आंखों से तो आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे।

प्लेन में उदयपुर के मार्बल व्यवसायी संजीव मोदी के बेटे शुभ और बेटी शुगन भी सवार थे। वे लंदन घूमने जा रहे थे। दोनों करने के बाद पिता के बिजनेस संभाल रहे थे। दोनों का ननिहाल पाली के वीडी नगर में है। अहमदाबाद प्लेन क्रैश में अपने दोहिता-दोहिती शुभ-शुगन की मौत का समाचार सून पाली से उनके नाना पदम डागा का परिवार भी सदमे में आ गए। उनकी आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। यकीन नहीं हो रहा था कि उनके लाडले अब इस दुनिया में नहीं रहे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार के कुछ सदस्य उदयपुर के लिए तो कुछ अहमदाबाद के लिए रवाना हुए।

## उम्मेदाबाद में कार्यशाला आज

**जालोर, (कासं)।** भाजपा उम्मेदाबाद मंडल की ओर से संकल्प से सिद्धि तक (11 वर्ष) यात्रा के अंतर्गत कार्यशाला शनिवार शाम को उम्मेदाबाद के सत्यनारायण मंदिर प्रांगण में होगी।

कार्यशाला जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व तथा विधायक एवं राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के संरक्षण में होगी। मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता मुकुंद दवे होंगे। वरिष्ठ अतिथि में अम्बालाल व्यास, जिला सह-संयोजक (संकल्प से सिद्धि) उपस्थित रहेंगे।

भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तम चंद गर्ग ने बताया कि कार्यशाला में मंडल क्षेत्र के उप जिला प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, उप प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, प्रदेश व जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, मोर्चा पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, समिति सदस्य आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संयोजन मंडल संयोजक राव गणपत सिंह बगेडिया, कार्यक्रम संयोजक कल्याण सिंह पडिहार, सह संयोजक मांगू सिंह राव, दीपक कुमार गर्ग, मंडल महामंत्री रतन सिंह बालावत, अमराराम माली द्वारा किया जा रहा है।

# हताहत यात्रियों, पायलट एवं क्रू मेंबर्स को श्रद्धांजलि दी

**जोधपुर, (कासं)।** अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट के दर्दनाक हादसे में हताहत हुए यात्रियों, पायलट एवं क्रू मेंबर्स को श्रद्धांजलि देने का क्रम शुक्रवार को भी जारी रहा।

राजस्थान हाईकोर्ट में एडवोकेट एसोसिएशन की देखरेख में हाईकोर्ट मुख्यपीठ के हेरिटेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपति फरजंद अली, नूपुर भाटी, सुनील बेनीवाल ने दिवंगत विमान यात्रियों को श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा गया।

इस दौरान जिला एवं सेशन न्यायाधीश जोधपुर पूरणमल शर्मा, कार्यवाहक डीजे मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में वकील भी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने बताया कि अहमदाबाद के विमान हादसे में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस दु:ख की घड़ी में उनके परिवार को दुख सहने की हिम्मत प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा में लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद पुरोहित, उपाध्यक्ष धीरेंद्र दाधीच, पिंटू पारीक, महासचिव शिवलाल बरवड़ सहित बड़ी संख्या में वकील उपस्थित रहे।

राजस्थान हाइकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन एवं राजस्थान हाइकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा अहमदाबाद विमान हादसे में हुई यात्रियों की आकस्मिक मृत्यु पर शोक प्रकट करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई कि स्वर्गवासी आत्माओं को शांति दे और उनके परिवारजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

एडवोकेट्स एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया व लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द पुरोहित ने बताया कि सुबह राजस्थान हाईकोर्ट के डॉम में न्यायाधिपति फरजन्द अली, न्यायाधिपति नुपूर भाटी एवं न्यायाधिपति सुनील बेनीवाल एवं एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में अधिवक्ताओं द्वारा एक मिनट का मौन रखकर स्वर्गवासी आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं इस दुखद हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति सहानुभूति एवं संवेदना व्यक्त की गई।

इसके साथ ही हेरिटेज परिसर पावटा में एसोसिएशन सभागार में भी अधिवक्ताओं द्वारा स्वर्गवासी आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हैरिटेज परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला एवं सेशन न्यायाधीश जोधपुर जिला पूरणमल शर्मा, कार्यवाहक डीजे मनीष शर्मा, एडीजे मनीष सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

वहीं इनसाइड जालोरी गेट व्यापारी एसोसिएशन द्वारा भी हादसे के मृतकों श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश परिहार ने बताया कि इस दुख की घड़ी में इनसाइड जालोरी गेट व्यापारी एसोसिएशन हादसे में मृतकों के परिवारजनों के साथ है।

इसी तरह झूलेलाल सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्यों व समस्त सिंधी समाज द्वारा यात्रियों की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। राम तोलानी, समिति अध्यक्ष राजू मंगानी, महासचिव संजय रामनानी, हेमंत जायनानी, मोहित केशवानी, पार्षद नरेंद्र फीतानी, पायल जानयानी, राधाकिशन मूलचंदानी, प्रकाश बुलचंदानी सहित कई पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री महावीर शासन स्थापना महोत्सव समिति सहित कई संस्था संगठनों ने भी गहरा दुख जताया। श्री जागृति संस्थान के अध्यक्ष राजेश भेरवानी ने भी शोक व्यक्त किया।

## रामदेवरा मेले में 1 अगस्त से 2 सितंबर तक 33 दिनों के लिए नेत्रकुम्भ लगेगा

**जोधपुर, (कासं) ।** रामदेवरा में विश्व प्रसिद्ध लोकदेवता बाबा रामदेव की समाधि स्थल रामदेवरा में प्रतिवर्ष लगने वाले मेले में इस वर्ष 1 अगस्त से 2 सितंबर तक 33 दिनों के लिए "लोकदेवता बाबा रामदेव नेत्र कुम्भ 2025" का आयोजन किया जाएगा।

रामदेवरा मेले में आने वाले बाबा के लाखों भक्तों को इन 33 दिनों में 125000 से अधिक लोगों की आंख जांच, 1 लाख लोगों को नि:शुल्क चश्मा व दवाई वितरण, लगभग 11000 लोगों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने का लक्ष्य लिया है। मेलार्थियों को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा का लाभ सुलभ हो सकेगा। कार्य में कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा से लगे हुए हैं।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर ने यह जानकारी आज पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया किदेश भर में दिव्यांग जनों के लिए कार्य करने वाले सक्षमसंगठन ने समाज में कार्य करने वाली सेवा संस्थाओं के साथ मिलकर पिछले तीन कुंभ मेलों में आए श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच, दवा, चश्मा वितरण, उनके निवास के निकटतम अस्पताल में ऑपरेशन कार्य का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया। लाखों लोगों की नि:शुल्क नेत्र स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा का नया प्रतिमान स्थापित किया।

आयोजन समिति के उपाध्यक्ष निर्मल गहलोत ने बताया कि इस महाशिविर में सक्षम संस्थान के साथ राज्य सरकार और अन्य सेवा संस्थाए यथा श्री बाबा रामदेव सेवा समिति रामदेवरा, सीमाजन कल्याण समिति, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाईजेशन, जनसेवा समिति जैसलमेर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, विश्व हिन्दू परिषद, सेवा भारती, भारत विकास परिषद, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) इत्यादि संगठन भी सेवा कार्य में लगे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेश जौहरी ने बताया कि राजस्थान के सभी पुराने 6 मेडिकल महाविद्यालय के प्रधानाचार्य और नेत्र विभाग के प्रमुख 21 सीनियर चिकित्सको की सलाहकार समिति के परामर्श एवं निर्देशन में यह महाशिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में सेवा देने वाले सभी डॉक्टर ऑप्टोमेट्रिस्ट मेडिकल स्टाफ का स्लॉट अनुसार रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है, इस महाशिविर में उच्च तकनीक की मशीनों द्वारा नेत्र जांच का कार्य किया जाएगा और उच्च क्वालिटी के चश्मा का वितरण किया जाएगा

महासचिव खेताराम लीलड़ ने बताया कि इस महाशिविर के लिए राजस्थान के विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगपतियों ने आर्थिक सहयोग प्रदान करने का मंतव्य किया है।

यह सम्पूर्ण आयोजन पश्चिम राजस्थान के प्रमुख संत महात्माओं के सान्निध्य में संपन्न होगा।

## दुष्कर्म-सुसाइड मामले के आरोपी को दस साल का कारावास

**जालोर, (कासं)।** पोक्सो न्यायालय जालोर के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने दुष्कर्म के बाद फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने के मामले में दाषी आरोपी रतनाराम को दस साल के कारावास की सजा सुनाई।

विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि पुलिस थाना सायला में 16 जुलाई 2020 को एक गांव की लडकी की गुमशुदा होने पर लडकी के चाचा ने रिपोर्ट देकर बताया कि 15 जुलाई की रात को वे परिवार के लोग घर के आंगन में सो रहे थे। रात्रि करीब 2.30 बजे बारिश आने से सभी लोग घर के अंदर चले गये। सुबह 7 बजे परिवार के लोग जगे तो बाईस वर्शीय भतीजी घर से गायब मिली । रिपोर्ट में लडकी को गांव के एक युवक द्वारा उसकी भतीजी को बहला फुसलाकर ले जाने का शक होना बताया। इसके बाद सायला पुलिस ने खोजबीन के दौरान लडकी की कॉल डिटेल के आधार पर युवक रतनाराम को गिरफ्तार कर पुछताछ की गई। इस दौरान लडकी लाश मिली।

लाश मिलने पर 17 जुलाई को लडकी के भाई ने रैप व हत्या का मामला पुलिस थाना में दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरी बहन गांव में रहकर मजदूरी करती थी। हमारे गांव के आरोपी लडका रतनाराम मेरी बहन का हमेशा पीछा किया करता था। वह उसके फोन पर लगातार मैसेज कर तंग परेशान करता था। 15 जुलाई की रात को उसने उसकी बहन को बहला फुसलाकर घर से बाहर बुलाया। इसके बाद गांव के बाहर सुनसान जगह पर झाडियों में ले जाकर उसके साथ आरोपी रतनाराम व उसके चार साथियों ने दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए उसके गले में रस्सी का फंदा लगाकर पेड से लटकार हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया। घटना के बाद आरोपी को गिरफतार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पुलिस के सम्पूर्ण अनुसंधान में सामने आया कि लडकी व लडके दोनो एक दुसरे से परिचित थे तथा लम्बे से दोनों फोन पर बाते करते थे। घटना के दिन लडकी के साथ आरोपी रतनाराम ने कई बार दुश्कर्म किया। इसके बाद दोनो ने सुसाईड करने का फैसला किया। लडकी के पेड पर फंदा लगाकर फांसी खाने के बाद लडके ने भी उसी रस्सी से एक पेड से फांसी खाने की कोशिश की। लेकिन सफल नही हो पाया । इसके बाद उसने रस्सी को एक सरकारी स्कूल में फैक खुद फरार हो गया। लडके ने जबरन लडकी के साथ संबंध बनाये तथा उसके बाद दोनो ने आत्महत्या का प्रयास किया। लेकिन लडकी की मौत हो गई और लडका भाग किया। अभियोजन पक्ष की ओर से 29 गवाह के बयान लेखबद्ध किये गये। पोक्सो न्यायालय जालोर के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने आदेश देते कहा कि लडकी के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसके सुसाईड करना प्रमाणित पाया जाने पर दोशी आरोपी रतनाराम को दस के कारावास की सजा सुनाई । सरकार की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने की।

## बेढ़म 15 को आएंगे

**बालोतरा, (नि.सं.)।** गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ्रम 15 जून को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जवाहर सिंह बेढ़म 15 जून, को दोपहर 12 बजे बाड़मेर से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे बालोतरा पहुंचेगें।

# जल संरक्षण अभियान में पेयजल स्त्रोतों की सफाई

**जालोर, (कासं)।** आगामी मानसून में वर्षा जल के अधिक से अधिक संग्रहण तथा विद्यमान जल स्त्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए जिले में 5 से 20 जून तक चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत शुक्रवार को जल संसाधन विभाग द्वारा जल उपभोक्ता समूहों के कार्यक्रम, जल शक्ति अभियान कैच द रैन अंतर्गत कार्यक्रम, जल संचय जन भागीदारी अंतर्गत कार्यक्रम, नये पूर्ण कार्यों का लोकार्पण, नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के साफ-सफाई आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों यथा-ग्राउण्ड लेवल रिजर्वर, ओवर हेड स्टोरेज रिजर्वर, क्लियर वॉटर रिजर्वर आदि की साफ-सफाई, आरटीडब्ल्यूएचएस तकनीक की जानकारी देने, जल बचत के लिए जन जागृति कार्यक्रम व जल परीक्षा अभियान तथा भू-जल विभाग द्वारा "कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान" के तहत कार्यों का लोकार्पण एवं स्वीकृति एवं भू-जल गतिविधियां हुई।

अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमदान का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जिला स्तरीय स्थाई समिति एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत 14 जून, शनिवार को प्रात: 10 बजे जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएसआर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने बताया कि कार्यशाला में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.2 के अंतर्गत उद्यमियों एवं कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को गैप फंडिंग के लिए प्रेरित करना, जल उपयोग अंकेक्षण, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' के अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति, लोकार्पण, औद्योगिक घरानों, निजी एवं सरकारी कार्यालयों में ग्रीन ऑफिस, इनिशियटिव, एनर्जी एफिशियन्सी व ग्रीन बजट की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में प्रशासन, विभिन्न विभागों, सीएसआर फर्मों, स्वयंसेवी संस्थाओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## डाक दत्ताणी रावले में पाग दस्तूर की रस्म हुई

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर के निकट डाक दत्ताणी रावले में पाग दस्तूर की परम्परा निभाई व सुल्तान सिह का तिलक हुआ।

रेवदर डाक दत्ताणी के पूर्व ठाकुर हडमत सिह के निधन के बाद उनके द्वादशा के 12 दिन शोक के बाद सुल्तान सिह को 15 वें ठाकुर की परम्परा के अनुसार तिलक कर डाक दत्ताणी की गद्दी पर विराजमान किसा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाग दस्तुर ठिकाणा भटाना की तरफ से की गई। इस दौरान भटाना, डाक -दत्ताणी, छापोल, भैरूगढ, मारोल, मकावल, पादर, मण्डार, निम्बज, रोहुआ, डबाणी, पाडीव, बडगॉव, मेर माण्डवाडा, मालगांव, सिरोडी, थल, सेलवाडा, लुणोल, टोकरा, पोसिंत्तरा, नागाणी, घवली, निम्बोडा, डाँगराली, वडवज, पिथापुरा, के प्रतिनिधि एवं सभी जोधपुर, बाडमेर, जैसलमेर ,पाली ,जालोर, सिरोही, उदयपुर, गुजरात से सगे संबंधियों की उपस्थिति में डाक दत्ताणी के ठाकुर सुल्तान सिह का परम्परा से तिलक कर ठिकाणा की गद्दी पर विराजमान किया गया।

## जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए शिविर 15 से लगेंगे

**जालोर, (कासं)।** प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के तहत जालोर जिले के चयनित ग्रामों में जनजाति वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए 15 से 30 जून तक कैम्पों का आयोजन किया जायेगा।

कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि कैम्पों के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, कृषि और राजस्व तथा अन्य विभागों के साथ अभिसरण की स्थिति, संबंधित 17 विभागों के 25 इंटरवेन्शस को लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचाया जायेगा। अन्त्योदय सर्वे की स्थिति पर चर्चा एवं आधारभूत प्रमाण पत्रों आधार, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम-जेएवाई, जाति प्रमाण पत्र, पी.एम. किसान, जन आधार को जारी करने, एन. एफ. एस. ए., पीएम विश्वकर्मा योजना व विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभांवित किया जायेगा। प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून को नोसरा, 16 जून को रणछोड़ नगर, डोडियाली, उम्मेदपुर, घाणा व बांकली, 17 जून को सरूपरा, रामा, बाला, सुगालिया जोधा व भाद्राजून, 18 जून को नोरवा, वलदरा व चुंडा, 19 जून को निम्बला व आईपुरा, 20 जून को बावड़ी, भंवरानी, रायथल व बिजला की ढाणी, 23 जून को वेडिया, अजीतपुरा, शंखवाली, वाडाभोजा व कमालपुरा, 24 जून को पांचोटा, कंवला व रोड़ला, 25 जून को भूति, कवराड़ा, चांदराई व धुलिया, 26 जून को डोडियाली, राजपुरा, कुम्बिया, बिठुडा, काम्बा व भैंसवाड़ा, 27 जून को चरली, दयालपुरा, गुडा बालोतान, पादरली व अगवरी तथा 30 जून को थांवला, चवरछा, हरजी, सेदरिया बालोतान व पावटा में प्रात: 9 से सायं 5 बजे तक कैम्प लगाया जायेगा।

## नेत्र शिविर संपन्न

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर के निकट टोकरा में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन स्व.हरिसिंह देवडा की स्मृति में नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र सिंह ने शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

जांच शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. यश मोदी द्वारा जांच की गई जिसमें 9० मरीजों को जांच शिविर का लाभ मिला उसमें से मोतियाबिंद के 18 मरीज निकले। 11 मरीजों को ऑपरेशन करने के लिए ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया।

भामाशाह देवेंद्र सिंह , माधू सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रभुराम मेघवाल, कांतिलाल, तलकाराम परबतसिंह, मफतलाल माली, महिपालसिंह एवम् ग्रामवासी और ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल ,पिन्टू मेघवाल, फरजाना बानो, अमरीन, संगीता आदि उपस्थित रहे। टोकरा, बोकिडेरली, गुलाबगंज, सिरोडी, बापुडा, बुरारीखेडा आदि गांवों के लोगों ने भाग लिया।

# मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कैम्प 16 को

**जालोर, (कासं)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष की आयु में 3 हजार रूपये मासिक पेंशन का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र 41 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए 16 जून को राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जालोर परिसर में कैम्प लगाया जायेगा।

राज्य बीमा एवं प्रा.नि. विभाग जालोर की संयुक्त निदेशक सुनीता यादव ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 की अनुपालना में प्रदेश के श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकारों द्वारा सामपना की जाने वाली कठिनाईयों और भविष्य संबंधित आशंकाओं के समाधान एवं वृद्धावस्था में उन्हें सम्बल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना लागू की गई है। यह स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना के संचालित होगी। योजना के पात्र अभिदाताओं को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 हजार रूपये मासिक पेंशन दी जायेगी।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि योजनान्तर्गत 41 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करने के लिए पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार/जनाधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बैंक पास बुक व नॉमिनी आधार कार्ड की आवश्यकता होगी।